नवरात्रि का त्यौहार है

नवरात्रि का त्यौहार है,
देखो घर घर में हुई जय जय कार है.......

पहले पायल पहनाऊँ फिर बिछवै पहनाऊँ,
फिर महावर लगाया लाल लाल है,
मैया लगती बड़ी ही कमाल है,
नवरात्रि का त्यौहार है,
देखो घर घर में हुई जय जय कार है.....

माँ को साड़ी पहनाऊँ माँ को लहंगा पहनाऊँ,
फिर चुनरी ओढाई लाल लाल है,
मैया लगती बड़ी ही कमाल है,
नवरात्रि का त्यौहार है,
देखो घर घर में हुई जय जय कार है.....

माँ को चूड़ी पहनाऊँ माँ को कंगना पहनाऊँ,
फिर मेहँदी लगाई लाल लाल है,
मैया लगती बड़ी ही कमाल है,
नवरात्रि का त्यौहार है,
देखो घर घर में हुई जय जय कार है.....

माँ को हार पहनाऊँ माँ को कुण्डल पहनाऊँ,
माँ को नथनी पहनाई लाल लाल है,
मैया लगती बड़ी ही कमाल है,
नवरात्रि का त्यौहार है,
देखो घर घर में हुई जय जय कार है.....

माँ को बिंदिया लगाऊ माँ को टिका लगाऊ,
माँ को सिंदूर लगाया लाल लाल है,
मैया लगती बड़ी ही कमाल है,
नवरात्रि का त्यौहार है,
देखो घर घर में हुई जय जय कार है.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/29090/title/navratri-ka-tayohaar-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |